अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , रविवार, 21 सितंबर 2025
PAGE NO : IV MIDDLE

# योगेश्वर सीरीज रही आकर्षण का केंद्र



रिद्धिमा में कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते लोग। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मंच एवं ललित कला केंद्र एसआरएमएस रिद्धिमा में शनिवार को तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें मंडल के कई नवोदित कलाकारों ने भाग लिया।

ललित कला विभाग की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का ट्रस्टी आशा मूर्ति और उषा गुप्ता ने शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में कला विभाग के गुरु सौरव रस्तोगी की ओर से तैयार की गई ''योगेश्वर'' सीरीज आकर्षण का केंद्र रही। इस सीरीज में योगेश्वर श्रीकृष्ण के बाल्यकाल से गोलोक गमन तक की कथा का मार्मिक चित्रण किया गया। कलाकारों की ओर से रेजिन आर्ट, ऐक्रेलिक, मिक्स मीडिया, ऑयल, चारकोल, वाटर आदि माध्यमों में तैयार 45 से अधिक कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया गया। रिद्धिमा के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मिरर मोजाइक कला को सराहना प्राप्त हुई। प्रदर्शनी रविवार व मंगलवार को भी अवलोकनार्थ खुली रहेगी। आशा मूर्ति ने बताया कि 16 अक्टूबर को एक दिवसीय कला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. रीता शर्मा, डॉ. वंदना शर्मा, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।